सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Cement Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

संजय बांगा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Sanjay Banga
Chairman & Managing Director

18.01.2025

प्रिय साथियों,

आप सभी को सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के स्थापना दिवस पर बहुत बहुत हार्दिक शुभकामनाएं।

आप सभी के समन्वित प्रयास और सकारात्मक सोच के कारण ही हम आज सी.सी.आई का 61 वां स्थापना दिवस मना रहे है | यह अत्यंत गौरव एवं प्रसन्नता का विषय है, कि हमारी यात्रा जो वर्ष 1965 में शुरू हुई थी, वह आज 61 वें वर्ष में भी जारी है |

इस अवसर पर मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि आप अपनी क्रियात्मकता और कार्यशैली में गुणात्मक परिवर्तन लाकर कंपनी की आर्थिक स्थिति को मज़बूत करें एवं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि अनावश्यक खर्च कम करें और अपना सहयोग देकर संस्थान को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करें।

मैं यहाँ यह भी कहना चाहूँगा कि भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भाग लें और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें | इसी क्रम में हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत' के सपने को पूरा करने के लिए कार्यस्थल की सफाई हेतु, मैं सभी कर्मचारियों से आग्रह करना चाहूँगा कि वे विशेष अभियान 4.0 (SPECIAL CAMPAIGN 4.0) में भाग लें और हर हफ्ते 3 घंटे का समय अवश्य निकालें।

आज सी.सी.आई के स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि पूर्ण समर्पण, निष्ठा और लगन से हम अपने उत्पादन को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

एक बार फिर आप सभी को सी सी आई के 61 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

(संजय बांगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक